




## एक नजर में

### बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम

**कसरावद, निप्र।** श्री निमाड़ पाटीदार एजुकेशन सोसायटी कसरावद द्वारा संचालित संस्था स्थानीय सीबीएसई विद्यालय पैरामाउंट अकैडमी कसरावद में बोर्ड कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। मीडिया प्रभारी प्रीतेश पाटीदार ने बतलाया कि बोर्ड द्वारा कक्षा 12 वी के परीक्षा परिणामो की घोषणा 13 मई को की गई। परीक्षा परिणामो में विद्यालय के कक्षा 12 वी में अध्ययनरत 48 बच्चों में से *44*बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए साथ ही 4 बच्चे द्वितीय श्रेणी में रहे।* इसी क्रम में वाणिज्य संकाय में गौतम पाल 91.6 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान पर रहे। जीवविज्ञान संकाय में दर्शिका सावनेर 78.2 प्रतिशत, गणित संकाय में आरव पाटीदार 79.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के दिव्यराज सोनी ने 88.2%,रानी पाटीदार ने 86.4%, चार्वी पाटीदार ने 85.4%,शिवानी जायसवाल ने 82.8%, एवं दिया पाटीदार ने 82.4% प्राप्त किए।बच्चों की इस सफलता पर संस्था प्राचार्य अखिलेश पाटीदार ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस सफलता का श्रेय पालक, विद्यार्थी एवं शिक्षक के संयुक्त प्रयासो को जाता है। सभी इसके लिए बधाई के पात्र है। मेनेजिंग डायरेक्टर मितेश पाटीदार ने शिक्षा में ।निरन्तर अच्छा करते रहने की बात कही।



### निर्मल विद्यापीठ ने जिले में पुन: प्रथम स्थान प्राप्त कर लहराया सफलता का परचम

**बड़वाह, निप्र।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम में निर्मल विद्यापीठ ने एक बार पुन: उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि हासिल करते हुए जिले में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। विद्यालय का परिणाम न केवल विद्यार्थियों की मेहनत, बल्कि विद्यालय की सुदृढ़ शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन एवं सतत मार्गदर्शन का प्रत्यक्ष प्रमाण बना है। विद्यालय के जीवविज्ञान संकाय के प्रतिभाशाली छात्र *कपीश नवीन मिश्रा* ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा विद्यालय एवं नगर का नाम गौरवान्वित किया। उनकी इस अभूतपूर्व सफलता पर विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष का वातावरण है।

**वहीं वाणिज्य संकाय में छात्रा:-** भूमि सचिन शर्मा ने 85.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त हिमांशु परमार* ने 84.8 प्रतिशत एवं अनुश्री जैन* ने 84.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की उत्कृष्ट परंपरा को आगे बढ़ाया तथा अपने अभिभावकों को गौरवान्वित किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के संचालक श्री प्रतीक जैन ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता सतत परिश्रम, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं आधुनिक शिक्षण पद्धति का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय विगत वर्षों से निरंतर जिले में उत्कृष्ट परिणाम देता आया है और भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करता रहेगा। विद्यालय के प्राचार्य श्री आशीष झा एवं उप प्राचार्य श्रीमती सिम्मी शेख ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि निर्मल विद्यापीठ सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं श्रेष्ठ शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहा है। विद्यालय की अनुशासित एवं परिणामोन्मुखी शैक्षणिक प्रणाली ही लगातार जिले में उत्कृष्ट परिणामों का आधार रही है।




### सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025-26 में शानदार सफलता






**खरगोन, निप्र।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025-26 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, झिरन्या के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित करते हुए विद्यालय, क्षेत्र एवं जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय के शैक्षणिक परिणामों में इस वर्ष ऐतिहासिक सुधार देखने को मिला है। विद्यालय का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम वर्ष 2025-26 में बढ़कर 84.44 प्रतिशत रहा, जबकि गत वर्ष 2024-25 में यह मात्र 45.10 प्रतिशत था। इसी प्रकार कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम भी 72.22 प्रतिशत से बढ़कर 86.00 प्रतिशत हो गया। इस उल्लेखनीय प्रगति से विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है। कक्षा 12वीं कला संकाय में पिंटू जामोद ने 84.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। रविंद्र कनासे ने 82.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय तथा सचिन जाधव ने 81.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। वाणिज्य संकाय में उमराव बडोले ने 75.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि विज्ञान संकाय में मंजुला खरते ने 67.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने सभी सफल विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार को शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। उन्होंने विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं विद्यालय के सतत प्रयासों की सराहना की। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रेखा रानी ने बताया कि यह सफलता शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन, विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विद्यालय भविष्य में भी बेहतर शैक्षणिक परिणामों के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### केंद्र सरकार की पहल से असंगठित श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा

**खरगोन, निप्र।** देश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिक दिहाड़ी मजदूरी पर निर्भर हैं। किसी संगठित संस्था से जुड़े न होने के कारण उन्हें भविष्य निधि (PF) एवं ईएसआईसी (ESIC) जैसी सामाजिक सुरक्षा सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाता। ऐसे श्रमिकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने और बुढ़ापे में नियमित आय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत श्रमिक द्वारा किया गया अंशदान जितना होता है, उतना ही अंशदान केंद्र सरकार द्वारा किया जाता है। आवेदक की आयु 60 वर्ष पूर्ण होने पर उसे 3000 रुपये प्रतिमाह पेंशन मिलना प्रारंभ हो जाती है, जिससे बुढ़ापे में मासिक आय का एक स्थायी स्रोत उपलब्ध होता है। पंजीकृत श्रमिक की मृत्यु की स्थिति में उसकी पत्नी को आजीवन 1500 रुपये प्रतिमाह पेंशन प्रदान की जाती है।यह योजना असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के लिए है, जिनमें घरों में काम करने वाले श्रमिक, रेहड़ी-पटरी दुकानदार, ड्राइवर, प्लंबर, दर्जी, मिड-डे मील वर्कर, रिक्शा चालक, निर्माण श्रमिक, कूड़ा बीनने वाले, बीड़ी श्रमिक, हथकरघा एवं कृषि कामगार, मोची, धोबी, चमड़ा श्रमिक आदि शामिल हैं।

**पात्रता की प्रमुख शर्तें :-** असंगठित क्षेत्र के श्रमिक की मासिक आय 15,000 रुपये से अधिक न हो। आयु 18 से 40 वर्ष के बीच हो। सेविंग्स बैंक खाता या जन-धन खाता, आधार नंबर उपलब्ध हो। केंद्र सरकार की किसी अन्य पेंशन योजना का लाभ पहले से न लिया जा रहा हो। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1800-267-6888 पर संपर्क किया जा सकता है।

# खाकी, पंचायत और स्वास्थ्य विभाग की त्रिवेणी का रक्तदान

## भीषण गर्मी के बीच बागोद में 113 रक्तवीरों ने किया महादान

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** जिले के ग्राम बागोद में खाकी, ग्राम पंचायत एवं स्वास्थ्य विभाग की त्रिवेणी में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यहां दूसरों का जीवन बचाने रक्तवीरों ने बढ़-चढ़कर आयोजन में हिस्सा लेकर अमूल्य रक्तदान किया। भीषण गर्मी के बीच इतनी बड़ी संख्या में लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने के लिए आयोजन समिति की सराहना की गई।

चौकी प्रभारी हरिशंकर पांटेल ने बताया मानव सेवा ही माधव सेवा का संकल्प लेकर उक्त शिविर आयोजित किया, इसमें मातृशक्ति ने भी उत्साह के साथ हिस्सा लिया।



शिविर का शुभारंभ सुबह 7 बजे किया गया। शिविर की विशेषता यह रही कि यहां स्वैच्छा से रक्तदाता पहुंचे और अपनी कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार किया। ग्रामीणों के मानव सेवा के इस भाव की आमंत्रित अतिथियों के साथ ही ब्लड बैंक टीम ने भी सराहना की। पहली बार रक्तदान करने वाले युवाओं एवं महिलाओं के चेहरों पर समाज सेवा का विशेष उत्साह और गर्व की झलक साफ नजर आई।

### रक्त दान करने वालों का किया सम्मान, दिए उपहार

कार्यक्रम में प्रोत्साहन स्वरुप रक्तवीरों का विभिन्न संस्थाओं द्वारा सम्मान भी किया गया। द इंटरनेशनल स्कूल इंदौर की ओर से रक्तदाताओं को घड़ी भेंट की गई, वन विभाग की ओर से गमछे तथा पुलिस चौकी बागोद की ओर से महिला रक्तदाताओं को साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। शिविर में आमजन की सहभागिता को लेकर पिछले एक माह से तैयारियां की जा रही थी, जिसमें चौकी प्रभारी श्री पांटेल, पीएचसी प्रभारी डॉ. महेंद्र ओसवाल, सरपंच सेवक राम गुर्जर, गुर्जर समाज अध्यक्ष संजय गुर्जर एवं समाजसेवी रितेश अग्रवाल, सरपंच दौलतपुरा राजेंद्र जाट, सरपंच देवगढ़ छन्नू खड़ा, सरपंच रूपाला सतीश त्रिवेदी, समाजसेवी प्रवीण जैन, समाजसेवी अशोक जैन, द इंटरनेशनल स्कूल संचालक सुरेंद्र जायसवाल, अनिल रावत, समाज अध्यक्ष जितेंद्र सोलंकी, राकेश देवड़ा, पूर्व सरपंच दीपक जाट, जनप्रतिनिधि कैलाश जाट, पूर्व सरपंच विनोद जायसवाल,ए राकेश मुकाती, विजय तिवारी एवं प्रधान आरक्षक कुलदीप खेड़ेकर आदि ने अपनी टीम के साथ गांव-गांव एवं घर-घर जाकर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इसी का परिणाम रहा की भीषण गर्मी के बीच इतनी बड़ी संख्या में रक्त का संग्रहण किया जा सका।



## कसरावद में हजरत सूफी वजीर कुतुबे आफताब रहमतुल्लाह अलेह का 130 वां उर्स मुबारक

**कसरावद, निप्र।** नगर में हजरत सूफी वजीर कुतुबे आफताब रहमतुल्लाह अलेह का 130वां उर्स मुबारक अकीदत और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। उर्स मुबारक में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर दरगाह पर हाजिरी दी और अमन-चैन की दुआ मांगी।

कार्यक्रम में गंगा-जमुनी तहजीब की खूबसूरत मिसाल देखने को मिली। मुख्य अतिथियों का साफा बांधकर और संत सियाराम बाबा का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। देर रात तक चली कव्वाली महफिल में मशहूर कव्वालों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। दिल्ली से आए गुलाम वारिस कव्वाल पार्टी एवं राजस्थान के सरफराज साबरी कव्वाल पार्टी ने सूफियाना कलाम पेश कर उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कव्वाली का दौर देर रात से शुरू होकर सुबह करीब 5 बजे तक चलता रहा। इसके बाद सुबह 9 बजे रंगीन महफिल का आगाज हुआ, जो दोपहर 12 बजे तक जारी रही। रंगे महफिल में कव्वाल सरफराज साबरी ने 'रंग पड़ा...' सहित कई सूफियाना कलाम पेश किए। वहीं कव्वाल ओम बिरला ने भी अपनी प्रस्तुति देकर महफिल में रंग जमा दिया।



### उर्स मुबारक के समापन पर लंगर का आयोजन

बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। आयोजन के दौरान पूरे नगर में भाईचारे, सौहार्द और धार्मिक आस्था का वातावरण बना रहा। परशराम यादव प्रतिनिधि बनकर आए, इंदर सिंह पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि आए जिला सदर रियाजुद्दीन शेख, पत्रकार अजीजुद्दीन शेख, अमिक ठेकेदार, विवेक यादव पूर्व सरपंच, नवीन रायली पत्रकार, डॉक्टर हनीफ खान, शायर कयामुद्दीन कायम, राजेश सुल्ताने, मोंटी कुरैशी तशरीफ़ लाए। वही सज्जाद नसी बंटी बाबा सूफी, उर्स कमेटी सदर रईस कुरैशी, नायब सदर अबरार पठान, मुजाहिद खान, जाहिद अजमेरी, मजहर खान, फिरोज खान, फरीद कुरैशी, सलीम खान,जाबिर पटेल, वासीक सूफी, जावेद पंजाबी,अब्दुल्ला पठान, मुफीद खान, हुजैफा खान, गोलू ठेकेदार, राजू पेंटर, सोबी खान, गनी खान, राजा खान एवं उर्स कमेटी एवं लंगर कमेटी के मेंबर और मौजूद रहे।

## बड़वाह नगर पालिका में निर्माणाधीन शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की दुकानों का हुआ आरक्षण

**बड़वाह, निप्र।** बड़वाह में नगर पालिका द्वारा निर्माणाधीन शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के प्रथम तल पर स्थित दुकानों की आरक्षण प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से सम्पन्न की गई। यह शॉपिंग कॉम्प्लेक्स शासकीय विद्यालय क्रमांक 8, डॉ. बाफना के मार्केट के पास स्थित है। आरक्षण प्रक्रिया नगर पालिका सीएमओ कुलदीप किन्शुक की मौजूदगी में आयोजित की गई।



नगर पालिका प्रशासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्रथम तल की कुल 8 दुकानों का आरक्षण किया गया। आरक्षण प्रक्रिया के दौरान संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे तथा पूरी कार्यवाही नियमानुसार संपन्न कराई गई। आरक्षण के अनुसार दुकान क्रमांक 1, 2, 3, 4, 6, 7 एवं 8 को अनारक्षित वर्ग के लिए रखा गया है, जबकि दुकान क्रमांक 5 को अनुसूचित जाति पुरुष वर्ग के लिए आरक्षित किया गया। पार्षद रोहित चौरसिया सहित निकाय के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष बताते हुए नगर पालिका की कार्यप्रणाली की सराहना की। नगर पालिका सीएमओ कुलदीप किन्शुक ने बताया कि दुकानों के आवंटन की आगामी प्रक्रिया भी शासन के नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार पूरी की जाएगी। शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण से क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।



## अल्लाह की शान में गुस्ताखी बर्दाश्त नहीं



**खरगोन, निप्र।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में गत दिनों गोविंदपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कानून व्यवस्था और नियमों को ताक में रखकर एक युवक को असामाजिक तत्वों द्वारा बड़ी बेरहमी के साथ मार पीट की गई। असामाजिक तत्वों द्वारा अल्लाह की शान में कई बार अपशब्दों का उपयोग किया गया।

जिसके विरोध में खरगोन शहर की जमात इस्लाहुल मुस्लेमीन खरगोन ने राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में बताया गया कि मध्यप्रदेश में मुस्लिम समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए कभी पैगम्बर मोहम्मद साहब की शान में तो कभी अल्लाह की शान में असामाजिक तत्वों द्वारा ऐसी घटनाएं घटित होती चली जा रही है ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि ऐसे मामलों उचित कार्यवाही कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की गई। ज्ञापन देने में जमात इस्लाहुल मुस्लेमीन के सदर आसिफ खान प्रिंस सैक्टयरी शेहजाद खान दोनों नायब सदर डाक्टर ईमरान खान, कलीम चिश्ती मेहराज अली शामिल थे।

## नंद घर आनंद भयो.. अकावल्या में श्रीकृष्ण जन्म पर झूमे श्रोता



**खरगोन, निप्र।** ग्राम अकावल्या स्थित पाटीदार धर्मशाला में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्म का अलौकिक और भावविभोर कर देने वाला प्रसंग सुनाया गया। जैसे ही कथा मंच से नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की.. का उद्घोष हुआ, पूरा पंडाल भक्ति, उल्लास और आनंद से झूम उठा।

श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग के दौरान जेल में जन्मे श्री कृष्ण को वासुदेव द्वारा टोकरी में लेकर गोकुल पहुंचने का दृश्य अत्यंत मनोहारी ढंग से प्रस्तुत किया गया। नंद बाबा और माता यशोदा ने बालकृष्ण के आगमन पर आनंदोत्सव मनाया। बाल रूप में श्रीकृष्ण के दर्शन कर श्रद्धालुओं की आंखें तृप्त हो गईं और भावनाओं का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालु हाथों में बालकृष्ण को लेकर झूमते.नाचते नजर आए, मानो साक्षात गोकुल धरती पर उतर आया हो।कथा का वाचन शिवकोठी ओंकारेश्वर के पंडित शैलेन्द्र शास्त्री द्वारा किया जा रहा है। उनकी ओजस्वी वाणी, मधुर भजनों और प्रभावशाली प्रसंगों ने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। आयोजन प्रेमचंद पाटीदार, अभिषेक पाटीदार एवं अंकित पाटीदार ने बताया रोजाना दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक कथा का श्रवण कराया जा रहा है। 17 मई को पुर्णाहुति भंडारा प्रसादी के साथ होगी।

## भट्टी सा तप रहा निमाड़, 45 के करीब पहुंचा पारा



**खरगोन, निप्र।** तपती सड़कों, आग उगलते सूरज ने समूचे जिले को झुलसा दिया है। गुरुवार को सीजन का सबसे गर्म दिन रहा, जब अधिकतम तापमान सभी 45 डिग्री के करीब पहुंच गया। बढ़ते तापमान से घर के बाहर तो क्या घर में भी तपन का एहसास हो रहा है। पंखे- कूलर भी गर्म हवाएं फेंक रहे है। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 24.6 व अधिकतम तापमान 44.6 डिसे दर्ज किया गया।

सड़कों पर सूरज की तीखी किरणों के साथ ही गर्म हवाएं जनजीवन को बूरी तरह प्रभावित कर रहे है। हालात यह है कि दिन के साथ रातें भी गर्म हो रही है। सुबह से देररात तक गर्म हवाएं लोगों को हलाकान कर रही है। पंखे-कूलर में भी पसीने छूटने के चलते लोग बेचैनी महसूस कर रहे है। बढ़ रहे तापमान के कारण लोगों ने दोपहर के समय घर से बाहर निकलना बंद दिया है। तापमान में बढ़ोत्तरी होने के कारण पूरे दिन गर्म लपटें चल रहीं। वहीं सूरज की तेजस्वी किरणें चुभने से बचने के लिए लोग चेहरा पूरी तरह ढंककर घर से निकल रहे है। तेज गर्मी से राहत पाने के लिए लोग कई तरह के प्रयास कर रहे हैं। जरूरी काम होने के कारण घर से निकलने वाले लोग सड़कों पर लगे शीतल पेय पदार्थों का सेवन कर रहे हैं। पेय पदार्थों का सेवन कर लोग भीषण गर्मी से बचने का प्रयास कर रहे हैं।

**एक नजर में** — वर्ग प्रभारी लधवे ने ली बैठक, व्यवस्थाओं को दिया अंतिम रुप

# 17-18 को राधा रिसोर्ट में होगा भाजपा का जिलास्तरीय प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत 17 एवं 18 मई को शहर के सनावद रोड़ स्थित राधा रिसोर्ट में जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। इस जिला प्रशिक्षण वर्ग की व्यवस्थाओं को लेकर गुरुवार को भाजपा कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी एवं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज लधवे बुरहानपुर, जिला कार्यालय प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष शालिनी रतोरिया, जिला भाजपा उपाध्यक्ष मांगीलाल गाडगे, जिला कार्यालय मंत्री विजय पटेल, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर भालसे, टोली सदस्य मोतीराम वर्मा, शक्ति सिंह मंडलोई, कन्हैया प्रजापत, परसराम पटेल आदि मौजूद रहे। श्री लधवे ने बैठक में कहा कि यह प्रशिक्षण संगठन की मजबुती, कार्यकर्ता निर्माण एवं विचारधारा के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। ऐसे कार्यक्रम कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाते हैं और संगठन की नींव को मजबूत करते हैं। उन्होंने बताया कि जिला प्रशिक्षण वर्ग पार्टी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसके माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यशैली और अनुशासन की गहन जानकारी दी जाती है।

लधवे ने सभी पदाधिकारियों और आयोजन टोली को समन्वय बनाकर निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान किया, ताकि प्रशिक्षण वर्ग सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। श्रीमती रतोरिया ने बताया प्रशिक्षण में केवल अपेक्षित कार्यकर्ता ही आमंत्रित किए गए है। इसमें महिला- पुरुष शामिल है। प्रशिक्षण में वक्तव्य के साथ ही अन्य सांस्कृतिक, बौद्धिक एवं रचनात्मक गतिविधियां भी आयोजित की जाएगी। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कांतिलाल कर्मा ने बताया यह बैठक पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के तहत होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से संपन्न हुई। इसमें संगठनात्मक मजबुती, कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण और कायक्रम की सफल व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। वर्ग प्रभारी श्री लधवे ने कार्यकर्ताओं के ठहरने, भोजन, बैठक एवं पंजीयन प्रक्रिया की जानकारी लेने के साथ ही प्रशिक्षण के दौरान होने वाली गतिविधियों की जानकारी भी ली। उन्होंने बताया इस प्रशिक्षण में प्रदेश स्तर के वक्ता कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे।

